फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत – उपखण्ड अधिकारी मुकाम –जहाजपुर (भीलवाडा)

पुष्पा देवी पत्नि बलवन्त कुमार पारीक निवासी खजूरी

बनाम

इन्द्रराज पिता नाथू ढोली निवासी बान्दोला वगैरा

किस्म मुकदमा प्रा0 पत्र 111, 128 एल. आर. ए. मुकदमा नं. 571/2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिषियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुये
7.06.2023	प्रार्थना पत्र सिंगे से बाद जॉच रिपोर्ट पेश हुआ। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते की भूमि **ग्राम छाछिया बान्दोला पटवार हल्का किशनगढ तहसील जहाजपुर जिला भीलवाडा की आराजी नम्बर 134/3, 140/3 कुल किता 02 रकबा 2.6460 हैंक्टेयर** स्थित है। अप्रार्थीगण उक्त वर्णित कृषि आराजी के पडोसी हैं । अप्रार्थीगण से सीमा विवाद होने के कारण पत्थरगढी करवाये जाने की आवश्यकता हैं , अतः उक्त आराजी की पत्थरगढी के आदेश प्रदान किये जावे। प्रार्थना पत्र की ताईद में प्रार्थी का शपथ पत्र संलग्न है। मैने पत्रावली का अवलोकन कियां सुयोग्य अभिभाषक/प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली के साथ संलगन नकल जमाबन्दी सम्वत **2073 से 2076** तक के अवलोकन से स्पष्ट हैं कि प्रार्थी पत्थरगढी हेतु आवेदन की गई भूमि का खातेदार हैं प्रार्थी द्वारा अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद होना बताया हैं । अतः न्यायालय पत्थरगढी किया जाना उचित समझता हैं । अतः प्रार्थना पत्र 111/128 रा.ले. रे. एक्ट स्वीकार किया जाता है तथा भूमि **ग्राम छाछिया बान्दोला पटवार हल्का किशनगढ तहसील जहाजपुर जिला भीलवाडा की आराजी नम्बर 134/3, 140/3 कुल किता 02 रकबा 2.6460 हैंक्टेयर** की उभय पक्षों की उपस्थिति में पत्थरगढी करने हेतु भू अभिलेख निरीक्षक **खजूरी** को क़मिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिशनर फीस 1500 रू. तय किये जाते है। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रू. राजकोष में जमा करावे। पत्थरगढी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नही किया जावें। पालना हेतु तहसीलदार जहाजपुर को लिखा जावे। पालना रिपोर्ट शिघ्र प्रस्तुत करे। आदेश आज दिनांक 7.06.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। **उपखण्ड अधिकारी,** **जहाजपुर(भीलवाडा)**	

राजस्थान–सरकार

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी जहाजपुर जिला भीलवाडा

रीडर / 2023 / 571 / 2023 दिनांक :– 7 .05.2023

त

तहसीलदार जहाजपुर

विषय :– प्र. सं. 571 /23 अनवान पुष्पा देवी पत्नि बलवन्तकुमार जाति पारीक निवासी खजूरी बनाम इन्द्रराज पिता नाथु ढोली, कमला पुत्री खेमा मीणा, गोरू पिता खेमा मीणा, प्रभू पिता रामनारायण मीणा, बच्ची पुत्र खेमा मीणा, मदन पिता खेमा मीणा, मनफूली , मीरा, रामकन्या,लाली पुत्री रामनारायण मीणा, सुरज पत्नि रामनारायण मीणा, रामदयाल पिता खेमा मीणा निवासिया बान्दोला तहसील जहाजपुर जिला–भीलवाडा राजस्थान

पथरगढी की पालना करने बाबत।

———

उपरोक्त विषयांकित उनवान के प्रकरण में **ग्राम छाछिया बान्दोला पटवार हल्का किशनगढ तहसील जहाजपुर जिला भीलवाडा की आराजी नम्बर 134/3, 140/3 कुल किता 02 रकबा 2.6460 हैंक्टेयर** भुमि की उभय पक्षों की उपस्थिति में पत्थरगढी करने हेतु भु अभिलेख निरीक्षक **खजूरी** को कमीश्नर नियुक्ति किया जाता है। कमीश्नर फीस 1500 रू. तय किये जाते हैं। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रूपये राजकोष में जमा करावे । पत्थरगढी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नही किया जावें। पालना रिपोर्ट 15 योम में पेश करे।

उपखण्ड अधिकारी
जहाजपुर (भीलवाडा)